Title: Need to take steps in solving problems of water-logging, water outer-flow in Diara, Toll, Chaur and Jalla in Bihar-Laid.

डॉ0 संजय पासवान (नवादा): मैं आपके माध्यम से कृाि मंत्री एवं जल संसाधन मंत्री का ध्यान बिहार के लाखों हेक्टेयर जमीन तथा लाखों नागरिकों, जो दियरा, टाल, चौर एवं जल्ला के इर्द-गिर्द रहते हैं, उनकी समस्याओं की ओर आकृट करना चाहूंगा। ये चारों किस्म के क्षेत्र भारतर्वा में केवल बिहार में ही पाये जाते हैं, जहां जल-जमाव, जल बहाव एवं जल प्रभाव के कारण आम नागरिकों का जन जीवन अस्त व्यस्त रहता है तथा साथ ही साथ इन क्षेत्रों की अपनी विशोतायें भी हैं। मैं विशो तौर से आपके माध्यम से संबंधित मंत्रालयों एवं योजना आयोग से यह आग्रह करना चाहूंगा कि ऐसे सभी क्षेत्रों का सर्वेक्षण करके समुचित जल प्रबंधन आधुनिक तकनीकी के साथ किए जाये। इससे सम्पूर्ण देश को इसका लाभ हो सकता है।